13 विभूतियों का होगा सम्मान

महाराणा मेवाड़ सम्मान कृति भारती को व पूर्व मंत्री गरासिया को राणा पूंजा सम्मान

ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर

महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउण्डेशन के 33वें वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह 2015 के राज्यस्तरीय अलंकरणों की घोषणा सोमवार को कर दी गई। अलंकरण 22 मार्च को फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी अरविन्द सिंह मेवाड़ सिटी पैलेस के प्रांगण में देंगे।

कृति भारती

श्याम सुन्दर

प्रो. ओम प्रकाश

पं. गणपति लाल

नारायण लाल शर्मा

डॉ. चन्द्र प्रकाश

कमलेश जांगिड़

अमान व अयान

चुन्नी लाल

नवनीत गौतम

सुमित्रा शर्मा

डॉ. शैलेन्द्र मोहन

समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि महाराणा मेवाड़ सम्मान जोधपुर निवासी कृति भारती को महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण एवं समाजोत्थान के लिए, जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए राजसमन्द निवासी श्याम सुन्दर पालीवाल को प्रदान किया जाएगा। ज्योतिष, वेद एवं कर्मकाण्ड में श्रेष्ठ योगदान के लिये मांडल भीलवाड़ा निवासी गुरु रविदास आयुर्वेद विश्वविद्यालय, होशियारपुर, पंजाब के कुलपति प्रो. ओम प्रकाश उपाध्याय एवं जयपुर के पं. गणपति लाल शर्मा को महर्षि हारीत राशि सम्मान प्रदान किया जाएगा। ज्योतिष, कर्मकाण्ड के माध्यम से समाजसेवा करने वाले राजकीय शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय, चौथ का बरवाड़ा, सवाईमाधोपुर के ज्योतिष के प्राचार्य पं. गणपति लाल शर्मा ने शिक्षा-दीक्षा के साथ ही अनेक पुस्तकों का लेखन एवं सम्पादन किया है।

महाराणा कुम्भा सम्मान मेवाड़ के इतिहासकार एवं लेखक नारायण लाल शर्मा को इतिहास के शोधपूर्ण लेखन हेतु तथा राजस्थानी भाषा के जाने माने साहित्यसृजक पद्मश्री डॉ. चन्द्र प्रकाश देवल को प्रदान किया जाएगा। ललित कला के क्षेत्र में दिया जाने वाला महाराणा सज्जनसिंह सम्मान हस्तशिल्प लकड़ी की नक्काशी में कम उम्र में ही अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का नाम रोशन करने वाले जयपुर निवासी कमलेश जांगिड़ को प्रदान किया जाएगा। संगीत के क्षेत्र में दिया जाने वाला डागर घराना सम्मान भारतीय शास्त्रीय संगीत के युवा सरोद वादक भाइयों अमान अली खान एवं अयान अली खान को प्रदान किया जाएगा। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए दिया जाने वाला राणा पूंजा सम्मान मेवाड़ के पिछड़े आदिवासी अंचल में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार की अलख जगाने वाले पूर्व मंत्री रहे चुन्नी लाल गरासिया को प्रदान किया जाएगा।

राज्य के खिलाड़ियों को दिये जाने वाले अरावली सम्मान कबड्डी में जयपुर के दो खिलाड़ी पुरुष टीम के कप्तान नवनीत गौतम एवं महिला टीम में सुमित्रा शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। इन अलंकरणों से सम्मानित होने वाली विभूतियों को पच्चीस हजार एक रु, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे।

मध्य भारत की निहाली भाषा के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले पुणे के डॉ. शैलेन्द्र मोहन को विशिष्ट अलंकरण प्रदान किया जाएगा।

इन अलंकरण से सम्मानित होने वाली विभूति को ग्यारह हजार एक रु, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किया जाएगा।